# पानी के लिए तीन माह से परेशान ग्रामीणों को मिली राहत

पूर्व की भांति घर- घर पहुंचने लगा पानी लोगों ने माना आभार

**गणेशगंज नवभारत।** लखनादौन जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जोगीगुफा पायली में लगभग तीन माह से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामवासी व्याप्त समस्या समाधान हेतू कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में पहुंचे थे। जिसके बाद उपस्थित अधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मालती मुकेश डेहरिया द्वारा कहा गया शीघ्र अधिकारिक दौरा कार्यक्रम के माध्यम से हो रही समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।


पायली में पानी की टंकी नहीं भरने से गहराया जल संकट

जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अधिकारियों ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया दौरा, सुनी जनसमस्या

नव भारत फालोअप

गणेशगंज नवभारत। लखनादौन जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जोगीगुफा पायली में पानी के लिए तरसते ग्रामवासी व्याप्त समस्या समाधान हेतु भारी संख्या के साथ माताएं बहनें सहित अन्य ग्रामवासी मंगलवार को सिवनी कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में पहुंचे थे। जहां उपस्थित अधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मालती मुकेश डेहरिया ने आधिकारिक दौरा कर हो रही समस्या पर शीघ्र समाधान किए जाने की बात कही थी। जिसके बाद दौरा कार्यक्रम तय किया गया था।

पानी को तरस रहे पायली के ग्रामीण, पहुंचे जनसुनवाई में

बोल्टेज की समस्या, या किया जा रहा गुमराह

टीम के साथ ये पहुँचे मौके पर सुनी समस्याएं

ग्रामवासियों ने समस्या रखते हुए की विभिन्न मांगें

इनका कहना है

अच्छेलाल डेहरिया सचिव, ग्राम पंचायत जोगीगुफा एवं प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा

टीम में शामिल आगंतुकों का किया गया सम्मान

वही आधिकारिक दौरा कार्यक्रम तय किया जाकर विगत दिवस मौका का जायजा लिया गया जहां स्थानीय लोगों से मुलाकात कर व्याप्त समस्याएं सुनीं गईं।

ग्रामवासियों ने नवभारत से चर्चा में बताया था कि उन्हें पीने का पानी नहीं मिलने से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसके बाद हमारे द्वारा संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधियों से निरंतर संपर्क किया गया।

इसके साथ ही व्याप्त समस्या का अख़बार में प्रमुखता से प्रकाशन किया गया। जिसके बाद तीन माह से हो रही पानी की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया अब पुन: पूर्व की भांति ग्रामवासियों को उनके घर तक पानी उपलब्ध होने लगा है। ग्रामवासियों ने पानी की समस्या का समाधान होने पर संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधि सहित नवभारत का आभार जताया।

नव भारत खबर का असर

### इनका कहना है

पानी के लिए हो रही समस्या का समाधान हो गया है अब पहले जैसे घर तक पानी पहुंचने लगा। हमने इसके अलावा और भी मांगे रखी थी उम्मीद करते हैं उनका भी शीघ्र निराकरण होगा।

**उमेश सोनी जागरूक युवा ग्राम पायली**

ग्राम पायली में हो रही पानी की समस्या कुछ हद तक ठीक हो गई है। अभी दो दिन में एक बार पानी की सप्लाई की जा रही है हमारी कोशिश रहेगी पानी प्रतिदिन मिले जिस हेतू हमारा प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

**श्रीमति अहिल्या बाबूलाल उइके सरपंच ग्राम पंचायत, जोगीगुफा**

# अनियंत्रित होकर मैजिक वाहन फेंसिंग से टकराया



**छपारा नवभारत।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 15 शिवाजी वार्ड के ग्राम देवरी कलां से छपारा खुर्द के बीच मार्ग पर बीती रात एक मिनी सवारी गाड़ी वाहन मेजिक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत के मेड़ पर लगी हुई फेंसिंग तार खंभों से टकरा गई गनीमत रही कि वाहन पलटा नहीं और किसी को कोई गंभीर रूप से चोट नहीं आई।

ग्राम के ग्रामीणों द्वारा बताया गया वाहन बीती 3 जनवरी शनिवार को रात्रि लगभग 12 बजे देवरी कलां से छपारा की ओर जाते समय सड़क के मोड़ को पार करते ही सामने अचानक सामने पालतू पशु के आ जाने से वाहन के चालक ने उसे बचाने के लिए दूसरी ओर ले गया और जब तक सड़क किनारे खेत की मेड़ और फेंसिंग से टकरा गया। ज्ञात हो कि बीते दो दिनों से ठंड और कोहरे से सुबह, शाम और रात्रि के समय क्षेत्र धुंध छाई रहती है जिसमें ज्यादा दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है वहीं बैंनगंगा नदी के समीप वाले हिस्से में कोहरा ज्यादा घना छा रहा है और देवरी कलां ग्राम की बस्ती नदी किनारे ही है।

## एक नजर में

### ग्राम पंचायत खामी में किया गया बोरी बंधान




बरघाट। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक बरघाट में जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला जी के निर्देशन में,ब्लॉक समन्वयक शोभना ढाकरे की उपस्थिति में सेक्टर 04 के अंतर्गत नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा के द्वारा ग्राम खामी के स्थानीय नाला पर बोरी बंधान कार्य किया गया। इस बोरी बंधान के कार्य से खेती की सिंचाई की जा सकेगी, साथ ही मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी और ग्राम के नागरिकों को दैनिक उपयोग के लिए भी पानी उपलब्ध रहेगा। इस जल संचय अभियान से जलस्तर में भी बढ़ोतरी संभव है। इस बोरी बंधान कार्य में विकासखंड समन्वयक शोभना ढाकरे (मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद) की उपस्थिति में एवं नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान पखारा के अध्यक्ष भारत लाल देशमुख व जनपद सदस्य,ग्राम पंचायत सरपंच महोदय , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ग्राम के नागरिकों के साथ परामर्शदाता मानेश्वर बिसेन, छात्र - छात्रा ,ग्राम वासियों ओर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया गया।

### हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज से

सिवनी। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर क्षेत्र के समस्त हिन्दू समाज द्वारा आगामी 23 जनवरी 2026 को कृष्णा लॉन, लुघरवाड़ा में आयोजित होने जा रहे विशाल हिन्दू सम्मेलन का शुभारम्भ 05/01/2026 सोमवार से किया जा रहा है। इस विशाल आयोजन का प्रारंभ 05 जनवरी 2026 को शायं 05:00 बजे से कृष्णा लॉन में आयोजित भूमि पूजन एवं ध्वजा रोपण कार्यक्रम से किया जाएगा। यह सम्मेलन लुघरवाड़ा, बिंझावाड़ा, सिमरिया, नरेला एवं नगझर—इन पाँच गाँवों के विशाल हिन्दू समाज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत पाँचों गाँवों की खैरमाई की पावन मिट्टी से विधिवत भूमि पूजन किया जाएगा, जो सामाजिक एकता, धार्मिक चेतना एवं सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। आयोजक समिति ने सभी हिन्दू समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।

### गोरखपुरकलां में दंगल का हुआ आयोजन

पुरूष पहलवान, महिला पहलवान सहित सूरदास पहलवान ने भी अपने दाव पेंच दिखाएं



सिवनी। 4 जनवरी को ग्राम गोरखपुरकलॉ में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन बाजार चौक मैदान में किया गया जिसमें जिले के अलावा छिन्दवाड़ा, जबलपुर, खंडवा, भोपाल, उज्जैन, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व अन्य जिलों, प्रदेशो के पलवानो ने आपना दाव पेंच लगाया, इस विशाल ईनामी दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में दंगल प्रेमी, जनता जनार्दन का बड़ा जन सैलाब रहा इस दंगल प्रतियोगिता आयोजन में पुरूष पहलवान, महिला पहलवान, सहित सूरदास पहलवान ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में ग्राम व क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों , बंडोल प्रेस क्लब के पत्रकार समेत समस्त दंगल प्रेमी दर्शक बंधुओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

# नाबालिग का अपहरण कर मारपीट करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण और जानलेवा हमले के आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने कटंगी नाका ब्रिज के पास से एक नाबालिग और उसके साथी का अपहरण कर उनके साथ मारपीट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल छह आरोपियों को पकड़ा है, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। 31 दिसंबर 2025 को गंज वार्ड निवासी अस्मित मानाठाकुर ने अपने साथियों आदित्य मानाठाकुर, भूपेंद्र उर्फ लकी विश्वकर्मा, पारस विश्वकर्मा, अभिषेक उइके और सुखलाल उर्फ दादू यादव के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने चेतन दुर्गे और उसके एक नाबालिग साथी का रास्ता रोककर उन्हें जबरन रोक लिया। इसके बाद आरोपी दोनों पीड़ितों को मोटरसाइकिल और स्कूटी पर बैठाकर एक गुप्त स्थान पर ले गए, जहाँ उन्हें बंधक बनाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर तत्काल हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार मुख्य आरोपी अस्मित उर्फ ईश्वर मानाठाकुर (21), लक्की उर्फ भूपेन्द्र विश्वकर्मा (21), अभिषेक उइके (26) और आदित्य मानाठाकुर (21) को गिरफ्तार कर लिया। इन चारों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में शामिल दो अन्य विधि उल्लंघनकारी बालकों को भी हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजने के आदेश हुए। पुलिस जांच में पकड़े गए आरोपियों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। मुख्य आरोपी अस्मित उर्फ ईश्वर मानाठाकुर के खिलाफ कोतवाली और डुंडासिवनी थाने में अवैध शराब बिक्री और मारपीट के कुल 14 मामले दर्ज हैं, जिसके चलते पुलिस अब उसकी गुंडा फाइल खोलने की तैयारी कर रही है। वहीं, भूपेंद्र उर्फ लकी पर सट्टा और मारपीट के 6 मामले, अभिषेक उइके पर आर्म्स एक्ट और चोरी के 2 मामले, जबकि आदित्य और दोनों नाबालिगों पर भी प्रकरण दर्ज है।

# पायली क्षेत्र में दुर्लभ पक्षियों की ऐतिहासिक साइटिंग





एशियन वाटर बर्ड सेंसस में 70 से अधिक प्रजातियों की पहचान

**सिवनी नवभारत।** वनमंडल अधिकारी उत्तर सिवनी डॉ. महेंद्र सिंह उइके ने बताया कि बर्ड वॉचिंग में विशेषज्ञ बर्डर्स के साथ पायली क्षेत्र में बरगी बाँध के बैक वाटर क्षेत्र में आयोजित एशियन वाटर बर्ड सेंसस में सहभागिता की गई। इस दौरान लगभग 70 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान की गई। सेंसस के दौरान IUCN की रेड लिस्ट में दर्ज संकटग्रस्त प्रजाति एशियन ब्लैक-बेलीड टर्न की दुर्लभ साइटिंग की गई। यह पक्षी अब तक मध्यप्रदेश में केवल मुरैना जिले में ही देखा गया था। सिवनी जिले में इसकी उपस्थिति को जिले के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण जैव-विविधता संबंधी उपलब्धि माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त पैरा ग्रीन फाल्कन की भी साइटिंग की गई, जो कि दुर्लभ पक्षियों में शामिल है। विशेषज्ञों के अनुसार इन दुर्लभ प्रजातियों की उपस्थिति पायली क्षेत्र के स्वस्थ एवं संतुलित इको-सिस्टम का स्पष्ट संकेत है। पक्षी विशेषज्ञों एवं विद्वानों ने संभावना व्यक्त की है कि भविष्य में पायली क्षेत्र बर्ड वॉचिंग के लिए एक प्रमुख हॉटस्पॉट के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विधायक ने गायत्री महायज्ञ, भूमिपूजन सहित विभिन्न कार्यक्रमों मे की सहभागिता



**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्रांतर्गत आयोजित गायत्री महायज्ञ, भूमिपूजन सहित विभिन्न कार्यक्रमों मे सहभागिता किया। आज भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम करकोटी के खेल मैदान मड़ई बर्रा पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन मे नारी सशक्तिकरण वर्ष के तहत आयोजित 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम मे सहभागिता कर व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महाराज श्री के मुखारविंद प्रवाहित प्रवचनों का श्रवण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से ग्राम करकोटी स्थित शासकीय हाई स्कूल मे 10 लाख की लागत से निर्मित होने जा रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# नाबार्ड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित






**सिवनी नवभारत।** भारत सरकार की नाबार्ड प्रायोजित सॉफ्टकाव योजना अंतर्गत बी-पैक्स कर्मचारीयो की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सिवनी में रखा गया था जिसमें भोपाल से पधारे विद्वान व्याख्याता श्री के.पी. परिहार, श्री एस.के. जोशी, भोपाल एवं वी. के. बर्बे कोऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रथम दिवस प्रशिक्षण में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मुख्य रूप से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सिवनी के महाप्रबंधक के.के. सोनी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, प्रथम दिवस प्रशिक्षण में जिले के 35 बहुदेशीय सहकारी साख समिति बी-पैक्स के कर्मचारियों की प्रवेश परीक्षा एवं बी-पैक्स की उपविधिया, एवं मध्य प्रदेश सहकारिता नीति के बारे में विस्तार पूर्वक अध्ययन कराया गया।

द्वितीय दिवस पर बी-पैक्स कर्मचारी सेवा नियम और केंद्रीय सहकारिता नीति, नीति निर्माण व निर्देशन में संचालक मंडल की भूमिका एवं महत्व के बारे में अध्ययन कराया गया।

तीसरे दिन समितियां के व्यवसाय संचालन मैं प्रभारी नेतृत्व की आवश्यकता एवं महत्व के पश्चात समस्त प्रतिभागियों की परीक्षा एवं प्रश्नोत्तर फीडबैक लिखित एवं मौखिक में लिया गया तत्पश्चात प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस शुभ अवसर पर मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई सिवनी द्वारा प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार बघेल ,जिला अध्यक्ष बंशी ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद भारद्वाज, एवं जिला के पदाधिकारी देवी प्रसाद सूर्यवंशी, अरुण हिंगे,व समस्त कर्मचारियों की ओर से नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ पुष्प गुछ से स्वागत किया गया एवं भगवान श्री गणेश की सीनरी एवं मिठाई वितरण किया जाकर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# मिलन मेरे श्याम से भजन संध्या 6 को



**केवलारी नवभारत।** विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के श्याम परिवार के भक्तों द्वारा नववर्ष में मिलन में श्याम से कार्यक्रम का स्थानीय जैन मंदिर प्रांगण में दिनांक 6 जनवरी 2026 दिन मंगलवार को आयोजित होना है। श्याम परिवार के अखिलेश अवधिया विनोद मोदी नीलेश अवधिया,एवं महेंद्र यादव ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में बाबा श्याम के शीर्ष को स्थानीय दुर्गाम्बा मंदिर से बाजे गाजे के साथ कार्यक्रम स्थल ले जाकर बाबा का दिव्य दरबार भक्तों के लिए लगाया जाएगा एवं बाबा की पूजन अर्चन के दौरान श्याम परिवार की महिला मंडल द्वारा बाबा को 56 भोग लगाया जाकर अखंड ज्योत को प्रज्ज्वलित किया जाएगा । इसके उपरांत कार्यक्रम के दूसरे चरण में आर.आर म्यूजिकल ग्रुप के श्याम भजन गायक अमित राजा एवं गायिका ऋतु पावर एवं रेखा यादव द्वारा श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी तो वहीं सुमित आर्ट के कलाकारो द्वारा कृष्ण लीला पर आधारित महारास की भी प्रस्तुतियां के साथ फूलों की होली और श्याम रसोई का भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

श्याम परिवार के द्वारा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के भक्तिमय दरबार में हाजरी लगाकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

**प्रदर्शन** | सिवनी विधायक के निवास पर किया प्रदर्शन, इंदौर नगर निगम की गंभीर घटना पर जताया विरोध

# कांग्रेस ने घंटा बजाकर जताया विरोध, मंत्री के इस्तीफे की मांग



**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की मोहन यादव सरकार की अदूरदर्शीता के चलते इंदौर नगर निगम द्वारा इंदौर नगर वासियों को सप्लाई किये गये दूषित पेयजल के कारण 16 लोगों की मृत्यु हो गई और हजारो नागरिक प्रभावित हुये है जिसके विरोध में घंटा रैली निकाल कर सिवनी विधानसभा 115 के स्थानीय विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास के सामने मोहन यादव सरकार और सत्ता के नशे में मदहोश मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के तत्काल स्तीफे की मांग को लेकर सोई हुई प्रदेश सरकार को जगाने घंटा बजाकर विरोध दर्ज किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि आज विपक्ष की भूमिका में रहकर मोहन यादव सरकार को जगाने, सरकार के अंग कहे जाने वाले सिवनी भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के निवास पर विरोध प्रदर्शन करने मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि प्रदेश की भाजपा सरकार की नजरों में प्रदेश के नागरिको के जीवन का मूल्य सिर्फ लाख दो लाख रूपय तक ही सीमित रह गया है। जिसके चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उनके बडबोले मंत्रियों द्वारा आये दिन ओछी मानसिकता से पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है आज प्रदेश का नागरिक परेशान, बे-बश और अपने आपको ठगा से महसूस कर रहा है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश एवं जिले के आम नागरिको के हितो की रक्षा के लिए आम जनता के साथ खडी है और रहेंगी, चाहे प्रदेश की भाजपा सरकार अपने सत्ता के नशे में शासकीय तंत्र के माध्यम से हम पर कितना भी अत्याचार क्यों ना कर ले किन्तु कांग्रेस पार्टी आगे भी उसका डटकर मुकाबला करेंगी। श्री मरावी ने प्रदेश की मोहन यादव सरकार से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करने एवं इंदौर नगर निगम की गंभीर अमानवीय घटना के जिम्मेदार महापौर और संबंधित अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की गई।

### विरोध प्रदर्शन में इनकी रही उपस्थिति

इस विरोध प्रदर्शन आंदोलन में शिव सनोडिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, राजिक अकील, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजसिंह रघुवंशी, संजय बघेल, शिवनारायण सिंह उइके, किशोरी कुंजाम, कमलेश सनोडिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, ध्रुवनाराण चौधरी, विजय उइके, फिरोज खान, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह, जिला पंचायत सदस्य नितिन डहेरिया, गिडियन टी सिंह, जिला सोशल मीडिया अध्यक्ष शिवदीप डहेरिया, युवा कांग्रेस सोहेल अमन खान, नितिन मिश्रा, कैलाश अवधिया, चन्द्रहास सनोडिया, पार्षद महमूद भाई, लोकेश ठाकुर, ऋषभ सिंह ठाकुर, तनु इनवाती, लोकेश ठाकुर, डालचंद पप्पू पुसाम, गनी खान, संदीय चौरसिया, तोषिर बेग, सरदार सिंह बघेल, सतेन्द्र बघेल, अनिल रजक, सतीश रजक, रितेष पांडे, जयप्रकाश यादव, नरेश बंजारा, रहीम शाह, रजनीश शेन्डे, तिलकचंद मोरे, अ .माजिद खान, जावेद अली, हर्षित रघुवंशी, परमानंद जंघेला, अंकित सनोडिया, सोनू पांसे, सुमित मरावी, सोनू कुडापे, राहुल चौधरी, डीआर पुसाम सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# अमर शहीद शिरोमणि गेंद सिंह नाईक प्रतिमा का अनावरण

**उगली नवभारत।** अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा/हल्बी समाज महासभा एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ म.प्र. के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम झित्तर्रा में तह.-केवलारी में राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें प्राचीन बस्तर छत्तीसगढ़ राज्य परलकोट के जमींदार एवं1774 की क्रांति के नायक स्वतंत्रता संग्राम शेनानी अमर शहीद शिरोमणि गेंद सिंह नाईक जी( भूमिका राजा) की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया भारतीय संस्कृति के मूल संवाहक आदिवासी समुदाय ही है, जिसने गुलामी को कभी पसंद नहीं किया और शोषण व अत्याचार के विरुद्ध अपने आन-बान-शान के लिए निरंतर विरोधियों का विरोध व संघर्ष करते रहे। 4 जनवरी सुबह 9बजे शोभायात्रा के ग्राम भ्रमण दोपहर 2बजे प्रतिमा अनावरण 12-30बजे से मंचीय कार्यक्रम व 6बजे से रात्रि 8बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम रविवार 4 जनवरी नववर्ष के अवसर पर सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की तहसील उगली मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर स्थित झितर्रा ग्राम पंचायत के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल के सामने बाजार चौक झितर्रा पर अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गेंदलाल नाईक की भव्य प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में जिसमें निकट राज्य छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र मध्य प्रदेश के हजारों की संख्या में हल्बा हल्बी समाज के पदाधिकारी और कर्मचारी प्रकोष्ठ के कर्मचारी अधिकारी गण और क्षेत्रीय सामाजिक जनमानस की उपस्थिति ने कार्यक्रम को पूरे दिवस सुबह से लेकर देर रात तक चलते रहा। कलश शोभायात्रा ग्राम भ्रमण बाद मूर्ति अनावरण कार्यक्रम अतिथियों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति सामाजिक प्रवक्ताओं के द्वारा उद्बोधन और रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,, कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार और अध्यक्ष महेंद्र काटेवार ने बताया कि हमारे इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर राणा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गायत्री वीरेंद्र राज ठाकुर जनपद सदस्य कल्पना भगत आनंद भगत एवं उगली हल्बा हल्बी समाज के अध्यक्ष के धनीराम भंडारी कार्यक्रम के प्रवक्ता नरेश कवास मंच संचालन मनोहर चौधरी शिक्षक ज्ञानी राम भंडारी सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### आज से जिले में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ

**सिवनी नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की उचित मार्केटिंग सुनिश्चित करने जिले में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है। निर्देशानुसार सप्ताह में कम से कम एक दिन जैविक उत्पादों के विक्रय हेतु बाजार आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर शीतला पटले के मार्गदर्शन में 5 जनवरी को सिवनी नगर में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ उद्यानिकी विभाग स्थित कंपनी गार्डन में किया जाएगा। जैविक हाट बाजार में सिवनी जिले में उत्पादित जैविक अनाज जैसे चावल, गेहूँ, श्रीअन्न, जैविक सब्जियाँ एवं जैविक खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद तैयार करने वाले कृषक अपने उत्पाद विक्रय के लिए लाएंगे। इस जैविक हाट बाजार में आम नागरिक सीधे किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का क्रय कर सकेंगे, जिससे उन्हें शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध होगी